उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांकः– 28.02.2026**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

**पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।**




आज दिनांकः- 28.02.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।




जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 28.02.2026

मीडिया सेल, महोबा

## त्योहारों से पूर्व महोबा पुलिस का प्रहार: अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान

### 34 अभियोग, 34 गिरफ्तारियां, 725.6 लीटर अवैध शराब बरामद व 10 कुंतल लहन नष्ट

### ₹1,88,201 की कार्रवाई, महोबा पुलिस का विशेष अभियान जारी





पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आगामी त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद में दिनांक 15.02.2026 से 06.03.2026 तक अवैध/जहरीली शराब के निष्कर्षण, भण्डारण, विक्रय, परिवहन व सेवन की रोकथाम हेतु विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के दौरान अब तक कुल 34 अभियोग पंजीकृत करते हुए 34 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 725.6 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है तथा लगभग 10 कुंतल लहन नष्ट किया गया है। बरामदगी एवं नष्ट की गई सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग ₹1,88,201/- आंकी गई है।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि त्योहारों के दौरान अवैध एवं जहरीली शराब के निर्माण व बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाएगा। जनपद में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि अवैध शराब संबंधी किसी भी सूचना को तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

महोबा पुलिस जनपद में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 28.02.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## SPEL कार्यक्रम के अंतर्गत थाना समाधान दिवस व सम्पूर्ण समाधान दिवस की कार्यप्रणाली से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया।





आज दिनांक 28.02.2026 को थाना समाधान दिवस के अवसर पर Student Police Experiential Learning (SPEL) कार्यक्रम के तृतीय चरण के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को थाना कोतवाली नगर में आयोजित थाना समाधान दिवस में सहभागिता कराई गई।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह (नोडल अधिकारी, SPEL-3) द्वारा विद्यार्थियों को थाना समाधान दिवस की प्रक्रिया, उद्देश्य एवं शिकायत निस्तारण की प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। उन्हें बताया गया कि थाना समाधान दिवस आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण हेतु आयोजित किया जाता है, जिसमें पुलिस एवं राजस्व विभाग समन्वय स्थापित कर समस्याओं का समाधान करते हैं।

साथ ही विद्यार्थियों को सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) की अवधारणा, उसकी कार्यप्रणाली एवं प्रशासनिक महत्व के संबंध में भी अवगत कराया गया। उन्हें समझाया गया कि तहसील स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर जनता की शिकायतों का सुनवाई एवं निस्तारण करते हैं।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रशासनिक कार्यप्रणाली, जनसुनवाई व्यवस्था एवं शासन की पारदर्शी शिकायत निवारण प्रणाली से परिचित कराना रहा।

जनपद महोबा पुलिस द्वारा SPEL कार्यक्रम के अंतर्गत इस प्रकार के ज्ञानवर्धक एवं व्यवहारिक अनुभव आधारित सत्र निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं।

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट के 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

महोबा पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित प्रकरणों में चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के नेतृत्व में प्रभावी कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा थानास्तर पर टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा उ0नि0 ब्रजकिशोर शुक्ला मय हमराह का0 राजीव कुमार के ग्राम गौरहारी में पड़ने वाले भटेवरा कला तिराहे से थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0स0 24/26 धारा 64(1)/351(3) BNS व 3/4 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

रीतूराज उर्फ रीतू पुत्र सुगर सिंह, उम्र करीब 21 वर्ष, निवासी ग्राम गौरहारी, थाना चरखारी, जनपद महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-

- उ0नि0 ब्रजकिशोर शुक्ला
- का0 राजीव कुमार



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः– 28.02.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

**पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उ0प्र0 पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पुष्पगुच्छ/मोमेन्टों प्रदान कर दी गई भावुक विदाई।**

उ0प्र0 पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों की यादगार विदाई हेतु आज दिनांकः- 28.02.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उ0प्र0 पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा की गयी विभिन्न सराहनीय सेवाओं को याद करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय जीवन व उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाओं के साथ भावुक विदाई दी गयी।

सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मी-

1. उ0नि0स0पु0 श्री तेज सिंह
2. मुख्य आरक्षी स0पु0 श्री देव सिंह
3. मुख्य आरक्षी चालक प्रभाकान्त शुक्ल

उक्त विदाई समारोह के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री तेज प्रकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी अपराध/साइबर श्री गौरव उपाध्याय, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवकुमार, जनपदीय पुलिस के अधि./कर्म.गण एवं अन्य सम्बन्धित पुलिसकर्मियों सहित उनके परिवारीजन उपस्थित रहे और सभी के द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों को ससम्मानपूर्वक विदाई दी गई।



